# PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2023-24

## HINDI

**Time – 1:30 hrs.** **Class – III** **M.M. – 40**

*Name of the student ____________________ Section ____ Roll No. ______ Date - 07.02.2024 (Wednesday)*

**नोट- (1) इस प्रश्न पत्र में तीन खंड हैं।**
**(2)सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।**

## खंड–अ

**प्र.1 सही विकल्प पर (✓✓) का निशान लगाइए–** **5**

क) बाघ ने गाँव में घुसकर मार डाला–
(1) गाय को [ ] (2) बकरी को [ ]

ख) मीरा बहन ने दरवाज़ा बंद कर दिया –
(1) घर का [ ] (2) पिंजड़े का [ ]

ग) काम के करने या होने को कहते हैं–
(1) क्रिया [ ] (2) विशेषण [ ]

घ) 'ईश्वर' को मानने वाला कहलाता है–
(1) नास्तिक [ ] (2) आस्तिक [ ]

ङ) वाक्यांश के लिए एक शब्द भाषा को बनाते हैं –
(1) सरल [ ] (2) कठिन [ ]

**प्र.2 एक शब्द में उत्तर दीजिए–** **4**

क) बच्चे ने नारियल के खोल का मुँह किससे बंद कर दिया?
______________________

ख) 'बर्र' के काटने से उंगली पर किस रंग का निशान पड़ गया ?
______________________

ग) 'सबसे अच्छा पेड़' कहानी में कितने भाई थे?
______________________

घ) पहले भाई ने किस पेड़ के नीचे अपनी झोंपड़ी बनाई?
______________________

**प्र.3 खाली स्थान भरिए–** **(4)**

क) दिन में ___________ होता है और रात में **अंधकार** होता है। **('अंधकार'** का विलोम शब्द लिखिए)

ख) राघव धनी है, परंतु मोहन ________________ है। (**'धनी'** का विलोम शब्द लिखिए)

ग) बच्चे मैदान में ______________ रहे हैं। (उपयुक्त **क्रिया** शब्द भरिए)

घ) क्रिया के बिना ________________ अधूरा है।

**प्र.4 दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए– (5)**

रमेश के घर के आगे एक बगीचा है। उसमें कई रंग-बिरंगे फूलों के पौधे लगे हैं। वहाँ गुलाब, गेंदा, मोगरा आदि के पौधे लगे हुए हैं। सर्दी का मौसम आते ही उनमें सुंदर रंग-बिरंगे फूल लगते हैं। रमेश हमेशा अपनी कुर्सी लगाकर लॉन में बैठता है। बगीचे में बहुत से पक्षी भी आते हैं। फूलों पर तितलियाँ मँडराती रहती हैं। रमेश के पिता जी को भी बगीचे में काम करने का शौक है। वे छुट्टी के दिन पौधों की देखभाल करते हैं । घर के सभी लोग उनकी मदद करते हैं।

क) रमेश के घर के आगे क्या है?

______________________________

ख) किस मौसम में पौधों में रंग-बिरंगे सुंदर फूल लगते हैं?

______________________________

ग) फूलों पर क्या मँडराती रहती हैं?

______________________________

घ) रमेश के पिता जी किस दिन पौधों की देखभाल करते हैं?

______________________________

ङ) रमेश अपने लॉन में क्या लगाकर बैठता है?

______________________________

**प्र.5 सही या गलत लिखिए– (2)**

क) बूढ़ा आदमी चाँदी के बर्तन में पानी लाया । ________________

## खंड– ब

**प्र.6** **'माता'** शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए और उसके द्वारा वाक्य बनाइए। **(2)**

माता –

वाक्य –

**प्र.7** दिए गए शब्दों के **विलोम शब्द** लिखिए– **(2)**

क) जन्म × ____________________

ख) कीर्ति × ____________________

**प्र.8 पिंजड़ा बिना बाघ के बंद हो गया । कैसे? (3)**

**प्र.9 'सबसे अच्छा पेड़' पाठ में गर्मी के मौसम की बात की गई है। यह बात आपको कैसे पता चली? (3)**

## खंड–स

**प्र.10 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । (5)**

(1) मेरा विद्यालय (2) मेरा प्रिय खेल (3) मेरा प्रिय त्योहार

प्र.11 अपने विद्यालय के प्राचार्य जी को तीन दिन की छुट्टी के लिए पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपने मामा जी को पत्र लिखकर अपनी परीक्षा की तैयारी के विषय में जानकारी दीजिए।